धोखाधड़ी | जमाकर्ताओं की राशि बैंक में नहीं की जमा, दर्जनों जमाकर्ता राशि पाने लगा रहे बैंक के चक्कर

कियोस्क संचालक ने की लाखों की धोखाधड़ी

तेंदूखेड़ा नवभारत 13 जुलाई। जनपद क्षेत्र के झलोन पंचायत में कियोस्क संचालक द्वारा लोगों से लाखों रुपए कियोस्क बैंक में जमा किए, लेकिन यह राशि बैंक में जमा नहीं कर कियोस्क संचालक द्वारा हड़प कर ली गई। कियोस्क संचालक रूपेश जैन ने जमा राशि की सील लगाकर पर्चियां दी थी, जिससे जमाकर्ताओं को अपनी राशि बैंक में जमा होने का पूरा भरोसा था। जरूरत पड़ने पर जब बैंक में राशि निकलने गए तब पता चला कि उनके द्वारा जमा की गई राशि बैंक में जमा ही नहीं हुई। तब जमाकर्ताओं ने हल्ला मचाया और परेशान होकर पुलिस में शिकायत की।

दस लाख से अधिक का गोलमाल सामने आया

अभी तक दस लाख से अधिक की राशि का गोलमाल सामने आया है, जो बढ़ भी सकता है। पीड़ितों में कई लोगों ने अपनी जमा पर्ची संवाददाता को दिखाते हुए बताया कि किस तरह हम लोगों को जमा राशि की पर्ची देकर राशि बैंक में जमा नहीं की गई। लोगों का कहना हैकि अपनी जमा राशि निकलवाने के लिए परेशान हो रहे है।

एसडीओपी को दिया आवेदन

कई लोगों ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की लिखित शिकायत का आवेदन एसडीओपी अर्चना अहीर को देकर अपनी राशि बैंक से दिलाने की मांग की है। इस धोखाधड़ी के मामले में तेंदूखेड़ा एसबीआई के कर्मचारियों पर उंगली उठ रही है, क्योंकि कियोस्क बैंक में जमा राशि को हर दिन कियोस्क संचालक बैंक में जमा कर देता था, फिर कैसे दर्जनों लोगों की लाखों की राशि कियोस्क संचालक ने गबन कर ली। जमाकर्ता बैंक कर्मियों की मिलीभगत का भी आरोप लगा रहे है।

कियोस्क संचालक का मिला था कुएं में शव

कियोस्क संचालक रूपेश जैन का शव कुएं में मिला था तब परिजन उसकी हत्या की आशंका जता कर हाय तौबा मचा रहे थे। रूपेश के शव का तेंदूखेड़ा में पोस्टमॉर्टन भी नहीं होने दिया था। परिजनों की आशंका पर सागर में पोस्टमार्टम किया गया था। जमाकर्ताओं की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि कियोस्क संचालक की मौत हो चुकी है। अब उनकी जमा राशि कौन देगा।

इनका कहना है

मैंने इस बात की शिकायत ऊपर बैंक के अधिकारियों को भेज दी है।

आशीष वर्मा, बैंक मैनेजर एसबीआई तेंदूखेड़ा

लोगों ने कियोस्क बैंक झालोन एसबीआई में अपनी जमा राशि वापस दिलाने का आवेदन दिया है। मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है, जो भी मामला सामने आएगा उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

अर्चना अहीर एसडीओपी तेंदूखेड़ा

दमोह | नवभारत

तत्परता | असामाजिक तत्व बैठकर शराब पीकर बोतलें डिस्पोजल, अन्य कचरा फैलाते है,ग्राउंड के तीनों गेट खुले रहते

तहसील ग्राउंड बना शराबियों का अड्डा

नव भारत खबर का असर

तहसील ग्राउंड से हटाए गए शराबी

पुलिस ने की कार्रवाई कलेक्टर ने लिया संज्ञान

नवभारत,दमोह। शहर के तहसील ग्राउंड में शराबियों के अड्डे की खबर को नवभारत ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने मामले में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम दमोह ने सीएमओ नगर पालिका से चर्चा कर तहसील ग्राउंड की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं सीएसपी एचआर पांडे ने सोमवार शाम सिटी कोतवाली पुलिस को सख्ती से कार्रवाई करने को कहा.सीएसपी के आदेश पर शहर भ्रमण पर तैनात प्रधान आरक्षक नरेंद्र और आरक्षक भूपेंद्र पांडे को तहसील ग्राउंड सहित अन्य ग्राउंडों पर भेजा गया। पुलिस टीम ने तहसील ग्राउंड पहुंचकर शराब पीते हुए मिले लोगों को तत्काल हिरासत में लेकर कोतवाली लाया और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की।स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की। नागरिकों का कहना है कि यदि इसी तरह नियमित कार्रवाई होती रही तो ग्राउंड पर शराबियों का अड्डा नहीं बन पाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के ध्यान देने से मैदान खेल के लिए सुरक्षित रहेगा और आमजन को सुबह-शाम टहलने के लिए भी उचित स्थान मिल सकेगा।

एक नजर में

मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक संपन्न, 3 सदस्यों ने ली प्रांतीय सदस्यता

नवभारत,दमोह। मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक 5 जुलाई को पथरिया नगर में तहसील कार्यालय के पास स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई।बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके निराकरण के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। संघ को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सदस्यों से प्रांतीय सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया गया।इस दौरान राजकुमार सिंह रिटायर्ड स.उ.नि.,दिनेश कुमार गोस्वामी रिटायर्ड स.उ.नि.और हरिचरण गर्ग रिटायर्ड प्र.आर.ने प्रांतीय सदस्यता ग्रहण की।

किसानों को बीज वितरण किया गया

नवभारत,जबेरा/दमोह। दलहन आत्म निर्भरता मिशन भारत योजनांतर्गत दलहनी फसलों को प्रोत्साहन देने हेतु ग्राम करनपुरा जबेरा में भारत सरकार के प्रतिनिधि डॉ रामनारायण अहिरवार ने किसानों को दलहनी फसलों में उड़द,मूंग,अरहर की वैज्ञानिक खेती पर विस्तृत चर्चा की इबीएम किसानों को बीज वितरण किया इस कार्यक्रम में जिला सलाहकार श्री गिरवर पटेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर, कृषि विस्तार अधिकारी पिंकी मेहरा, दिनेश पटेल,चरण सिंह,उमराव सिंह व अन्य किसानों की उपस्थिति रही।

बिना खाद्य लायसेंस के दुकान संचालित करने के आरोप

नवभारत,दमोह। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत बिना खाद्य लायसेंस के दुकान संचालित करने पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर व न्याय निर्णयन अधिकारी ने जिले के 02 अनावेदकों पर 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है।खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर जिले की तहसील दमयंती नगर बरंडा नया बाजार नं.-1 निवासी अनावेदक सोनू जैन पिता अजीत जैन तथा तहसील जबेरा के नोहटा स्टार नगर निवासी प्रकाश नेमा पिता स्व.चंद्रभान नेमा द्वारा बिना खाद्य लायसेंस के दुकान संचालित करने का दोष सिद्ध होने के आरोप में 25-25 हजार रूपये के मान से अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया है कि अधिरोपित शास्ति की राशि एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाईन चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा की जायेगी।

पुलिस ने की स्कूली वाहनों की चेकिंग, दिए सुरक्षा के निर्देश

नवभारत,मडियादौ/दमोह. पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि भा.पु.से.और एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में मडियादो थाना प्रभारी प्रीति पांडे के नेतृत्व में पुलिस द्वारा शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया.अभियान के दौरान क्षेत्र में आने-जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों के कागजात, फिटनेस, बीमा और चालकों के लाइसेंस की जांच की गई। विशेष रूप से स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान वाहन चालकों और संचालकों को बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित मापदंडों का पालन करने, क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाने और तेज गति से वाहन न चलाने के दिशा-निर्देश दिए गए।

मिशन ग्रीन : संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में पौधरोपण

नवभारत,दमोह। पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे मिशन ग्रीन अभियान के तहत सोमवार सुबह शहर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, पूर्व शिक्षा विभाग परिसर, जनपद पंचायत के पास में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान मिशन ग्रीन द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न प्रजातियों के पौधे मंदिर परिसर में लगाए गए। इनमें आम,जामुन,नीम,कदम, ऊमर, बकौली, हरसिंगार, आंवला, गुलमोहर, बहेड़ा,शीशम सहित कई छायादार और फलदार वृक्ष शामिल हैं।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

इस अवसर पर मंदिर पुजारी पंडित अजय गर्ग, मंदिर समिति अध्यक्ष पंडित आरके मिश्रा, राम प्रकाश मिश्रा, पूरन लाल तिवारी, अतुल सोनी, आशीष चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी श्रीमती सुलेखा ठाकुर, श्रीमती जय देवी कुर्मी, हरि किशुन राठौर, डब्बू चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीयजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि मंदिर परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ ही आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

जागरूकता रैली व सेमिनार का आयोजन

नवभारत,दमोह। विश्व पेपर बैग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में 11 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी,सागर के कमान अधिकारी कर्नल प्रताप मोहंती के निर्देश व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली तथा सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पेपर बैग के उपयोग को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली।

30 से प्रारंभ होगा पवित्र श्रावण मास, श्री देव जागेश्वरनाथ मंदिर सुविधा हेतु तैयारियां शुरू

नवभारत,दमोह। पवित्र श्रावण मास का शुभारंभ 30 जुलाई 2026 से होने जा रहा है श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सर्वाधिक पुण्यदायी काल माना जाता है। इस अवसर पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री देव जागेश्वरनाथ जी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित दर्शन-पूजन के लिए व्यापक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं।मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनुराग श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रावण मास में विशेष रूप से प्रत्येक सोमवार, प्रदोष, शिवरात्रि तथा अन्य शुभ तिथियों पर हजारों श्रद्धालु भगवान श्री

जागेश्वरनाथ महादेव के जलाभिषेक एवं दर्शन के लिए पहुंचते हैं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा दर्शन-पूजन सुचारु रूप से संपन्न हो, इसके लिए मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा चरणबद्ध रूप से आवश्यक व्यवस्थाएँ की जा रही हैं उन्होंने बताया कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी श्रावण मास के सोमवार को अत्यधिक भीड़-भाड़ व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा श्रद्धालु मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्धारित स्थान से भगवान का जलाभिषेक व दर्शन कर सकेंग.

श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन व जलाभिषेक के लिए मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन जुटा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने

यह व्यवस्था केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा,सुगम आवागमन तथा निर्बाध दर्शन व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की जा रही है मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित राम कृपाल पाठक ने बताया कि मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की कतारों का सुव्यवस्थित संचालन,पेयजल,स्वच्छता, बैरिकेडिंग, आवागमन नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा भी श्रावण मास को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं सुरक्षा व्यवस्था,यातायात नियंत्रण,भीड़ प्रबंधन,पार्किंग व्यवस्था तथा कानून - व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित ।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार का हुआ दमोह आगमन

नवभारत,दमोह। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का प्रथम दमोह आगमन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का रामनाथ पिपरिया तिगड्डा से दमोह जिले में प्रवेश किया। इसके बाद जिले के विभिन्न स्थानों पर समाजों द्वारा स्वागत,माल्यार्पण,युवा संवाद, हितग्राही सम्मेलन व कार्यकर्ता बैठकों का कार्यक्रम निर्धारित है।दमोह आगमन के साथ एकलव्य विश्वविद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.

विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने जगह-जगह किया स्वागत

सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा, महात्मा गांधी जी की प्रतिमा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, तंदुपरांत भाजपा कार्यालय में स्वागत व पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक में सम्मिलित हुए जहां विभिन्न समाजों की प्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,दमोह सांसद राहुल सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल,पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, अरुण तिवारी, जिला पदाधिकारी गण,सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गण मंचासीन रहे.

खेलते-खेलते घर से लापता हुआ बच्चा मिला

कोतवाली पुलिस ने परिजनों को सौंपा

नवभारत,दमोह. शुक्रवार 11 जुलाई की शाम पथरिया फाटक क्षेत्र से एक नाबालिग बच्चा घर के बाहर खेलते-खेलते लापता हो गया था। परिजनों को बच्चे की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने सुपुर्द किया। पुलिस और सोशल मीडिया की मदद से बच्चे के परिजनों को ढूंढ लिया गया। नवभारत व्हाट्सएप ग्रुप सहित सोशल मीडिया पर बच्चे की फोटो शेयर की गई थी। फोटो देखकर परिजनों ने तत्काल कोतवाली पहुंचकर बच्चे की पहचान की।इसके बाद पुलिस ने बच्चे को उसके पिता संतोष जाटव निवासी पथरिया फाटक, दमोह के सुपुर्द कर दिया।बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस और सोशल मीडिया के माध्यम से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।इस दौरान सिटी कोतवाली प्रभारी नीतीश जैन, आरक्षक नरेंद्र पटेरिया, योगेंद्र,आकाश पाठक,हिमांशु का विशेष योगदान रहा।

डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास का अतिरिक्त प्रभार

नवभारत,दमोह। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, दमोह का कार्य संतोषप्रद नहीं होने तथा प्रशासकीय कार्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति को अपने कार्य के साथ-साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, दमोह का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त तक सौपा गया है।

कुम्हारी चौराहे के गड्ढे बने मुसीबत, राहगीर परेशान

जिम्मेदार विभाग बेखबर गड्ढों से बनी रहती हैं दुर्घटना की आशंका

कुम्हारी नवभारत 13 जुलाई। कुम्हारी चौराहे से कटनी मार्ग पर सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढे आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का

सामना करना पड़ रहा है।

बरसात के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। कई वाहन चालक गड्ढों में फंसकर संतुलन खो देते हैं, वहीं वाहनों के सस्पेंशन, टायर और अन्य पुर्जों को भी नुकसान पहुंच रहा है।

गड्ढों की शीघ्र मरम्मत की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। लोगों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए कुम्हारी चौराहे से कटनी मार्ग के गड्ढों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

नोटिस | बिना विस्फोटक लाइसेंस पेट्रोल-डीजल बिक्री पर बड़ी कार्रवाई

33 पेट्रोल पंपों पर जनसुरक्षा को लेकर वैध लाइसेंस नहीं

नवभारत,दमोह। जिले में पेट्रोल पंपों पर लगातार किए जा रहे आकस्मिक निरीक्षण में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना वैध विस्फोटक लाइसेंस के पेट्रोलियम पदार्थों का भंडारण और विक्रय करने वाले चार पेट्रोल पंपों को सील कर दिया है। वहीं 33 पेट्रोल पंप संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही इंडियन ऑयल कंपनी के जबलपुर स्थित रीजनल अधिकारी से भी जवाब-तलब किया गया है। चारों एसडीएम जिसमें दमोह, पथरिया, तेंदूखेड़ा व हटा के साथ तहसीलदारों ने भी खाद्य आपूर्ति विभाग आदित्य दाहिया के साथ निरीक्षण किया। कमी मिलने के बाद कलेक्टर ने एक्शन लिया और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया.

आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय : कलेक्टर

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि निरीक्षण में पाया गया कि कई पेट्रोल पंप बिना विस्फोटक लाइसेंस अथवा लाइसेंस के नवीनीकरण के ही पेट्रोल और डीजल का भंडारण व विक्रय कर रहे थे। यह न केवल विस्फोटक अधिनियम और संबंधित नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय भी है।

तहसीलदार ने टंडन पेट्रोल पंप पर की जांच

मीटर से नापा पेट्रोल-डीजल

नवभारत,दमोह। जिले में पेट्रोल पंपों पर अनियमितताओं और मिलावट की शिकायतों को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के दिए गए निर्देशों के पालन में प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व के मार्गदर्शन में हसीलदार पारूल चौधरी ने शहर के बस स्टैंड स्थित टंडन पेट्रोल पंप पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार ने पेट्रोल और डीजल को मीटर से नापकर मात्रा की जांच की और 'मिलावट की भी जांच कराई। साथ ही पंप संचालक को माप-तौल, रेट लिस्ट और अन्य दस्तावेजों को सही ढंग से प्रदर्शित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को सही मात्रा और गुणवत्तापूर्ण ईंधन मिले, इसके लिए जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर इस तरह की चेकिंग लगातार जारी रहेगी।